पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से आज "मदर्स ऑन व्हील" अभियान में शामिल माताओं ने की मुलाकात

अभियान द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों में माताओं की परिवार में भूमिका का अध्ययन किया जा रहा है

यह यात्रा दक्षिणपूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से होकर गुजरेगी

------

04 महीने की इस यात्रा में तीन सदस्यीय माताओं की टीम द्वारा कार से 40 हज़ार किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी

दिल्ली की मुख्यमंत्री द्वारा नई दिल्ली से आज ही इस अभियान की हुई है शुरुआत

2018 में अभियान के पहले चरण में 22 देशों की की गई थी यात्रा

लखनऊः 01 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में फाउंडेशन फॉर हॉलिस्टिक डेवलपमेंट की संस्थापक श्रीमती माधुरी सहस्त्रबुद्धे व सदस्य श्रीमती उर्मिला जोशी एवं श्रीमती अवंति दीक्षित ने शिष्टाचार भेंट कर संस्थान के प्रोजेक्ट 'मदर्स ऑन व्हील्स' के तहत एक महत्वकांक्षी अभियान के बारे में चर्चा की।

इस अभियान में माताओं के परिवार पर पड़ने वाले प्रभाव को विश्लेषित करने के लिए तीन सदस्यीय माताओं की टीम द्वारा दक्षिण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा की जाएगी।यह अभियान विशेष रूप से विभिन्न देशों में माताओं की परिवार में भूमिका और उनके प्रभाव के बारे में जागरूकता का प्रयास है।

ज्ञातव्य है कि 'मदर्स ऑन व्हील्स' के इस अभियान की शुरुआत आज सुबह नई दिल्ली में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर की। यह यात्रा दक्षिण पूर्व एशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से होकर गुजरेगी और इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न पारिवारिक प्रणालियों और सामाजिक कल्याण पर माता के प्रभाव को गहरे से समझना है। यह यात्रा लगभग 4 महीने तक चलेगी और 40,000 किलोमीटर की दूरी करेगी।

इससे पहले, सितंबर 2018 में "मदर्स ऑन व्हील्स" के पहले चरण में इन माताओं द्वारा दिल्ली से लंदन तक की साहसिक यात्रा की गई थी। इस यात्रा में 22 देशों और 47 शहरों से होकर 23,657 किलोमीटर की दूरी तय की गई थी। वर्तमान यात्रा इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए, दुनिया के

विभिन्न कोनों में मातृत्व के विविध अनुभवों पर गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का प्रयास करेगी।

संपर्क सूत्रः
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 : 9454468250

डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 : 9161668080